दिन–सोमवार दिनांक– 14 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

आज हिंदी दिवस है। इस अवसर पर राज्य अभिलेख भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य अतिथि शामिल हुए और पत्रिका राजभाषा का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी की पूरी दुनिया में पहचान है। उन्होंने कहा कि हिन्दी दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। प्रदेश में हिन्दी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

————————————————————————————

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने घर में मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। दस दिन तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान प्रथम पूज्य की पूजा–अर्चना करते हैं। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————————

हरतालिका तीज का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष तृतीया को यह पर्व मनाया जाता है। इस दौरान महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु और सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए उपवास और पूजा–अर्चना करती हैं। इधर, मिथिला में चौठ चंद्र का पर्व भी आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व में संध्या काल में महिलाएं रोहिणी सहित चन्द्रमा की पूजा–अर्चना करती हैं। विभिन्न प्रकार के पकवान और फलों को उत्सर्ग कर चन्द्रमा को अर्घ्य समर्पित किया जाता है।

———————————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने महिला टी–20 एशिया कप चैम्पियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि खिलाड़ियों ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और देश का नाम रोशन किया। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में टीम के अपराजित अभियान, असाधारण टीम वर्क और अटूट दृढ़ संकल्प ने देश को अपार गौरव दिलाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का आत्मविश्वास, निरंतरता और अद्‌भुत जज्बा साफ तौर पर दिखाई दिया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा बेटियों ने भारत का नाम एक बार फिर बुलंद किया है।

गौरतलब है कि भारत ने महिला एशिया कप क्रिकेट में श्रीलंका को हराकर आठवीं बार खिताबी जीत दर्ज की है। कल खेले गये मैच में भारत ने श्रीलंका को बहत्तर रन से हराकर यह खिताब अपने नाम किया।

———————————————————————————————————

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। राज्य के पन्द्रह जिलों में अड़तालीस लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रभावित आबादी तक भोजन, राहत सामग्री और दूसरी जरूरी सुविधाएं पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम किए हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों में एक हजार दो सौ इक्यावन सामुदायिक रसोई केंद्रों के माध्यम से अब तक लगभग अट्‌ठासी लाख चौवन हजार लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। तेरह राहत शिविरों में बारह हजार दो सौ साठ लोगों के लिए आवासन, भोजन और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है।

———————————————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मॉनसून की गतिविधियां फिर से बढ़ी है। राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में बादल छाये हुये हैं और कई स्थानों पर हल्की से

मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, शिवहर और सुपौल जिले में तेज हवा के साथ मध्यम स्तर की बारिश की संभावना जतायी है।

———————————————————————————

समाप्त